इंडियन बैंक Indian Bank
इलाहाबाद ALLAHABAD

# प्रेस विज्ञप्ति

29.01.2025

## 31 दिसम्बर, 2024 को समाप्त तिमाही/नौ माह हेतु वित्तीय परिणाम

बैंक का **वैश्विक कारोबार** 8% वर्ष-दर-वर्ष वृद्धि के साथ **₹ 12.61 लाख करोड़** रहा।

## प्रमुख विशेषताएं (दिसम्बर 2023 के सापेक्ष दिसम्बर 2024 को समाप्त तिमाही)

- **निवल लाभ** दिसम्बर 2023 में **₹ 2119** करोड़ के सापेक्ष दिसम्बर 2024 में **35%** वर्ष-दर-वर्ष वृद्धि के साथ **₹ 2852** करोड़ रहा।
- **परिचालन लाभ** दिसम्बर 2023 में **₹ 4097** करोड़ के सापेक्ष दिसम्बर 2024 में **16%** वर्ष-दर-वर्ष की वृद्धि के साथ **₹ 4749** करोड़ रहा।
- **निवल ब्याज आय** दिसम्बर 2023 में **₹ 5815** करोड़ के सापेक्ष दिसम्बर 2024 में **10%** वर्ष-दर-वर्ष की वृद्धि के साथ **₹ 6415** करोड़ रही।
- **शुल्क आधारित आय** दिसम्बर 2023 में **₹ 852** करोड़ के सापेक्ष दिसम्बर 2024 में **9%** वर्ष-दर-वर्ष की वृद्धि के साथ **₹ 931** करोड़ हो गई।
- **आस्तियों पर प्रतिलाभ** (RoA) दिसम्बर 2023 में **1.11%** के सापेक्ष दिसम्बर 2024 में **28 बीपीएस** की वृद्धि के साथ **1.39%** हो गया।
- **इक्विटी पर प्रतिलाभ** (RoE) दिसम्बर 2023 में **19.92%** के सापेक्ष दिसम्बर 2024 में **108 बीपीएस** की वृद्धि के साथ **21.00%** हो गया।
- **अग्रिमों पर प्रतिलाभ** (YoA) दिसम्बर’23 में **8.78%** के सापेक्ष दिसम्बर’24 में, **14 बीपीएस** की वृद्धि के साथ **8.92%** हो गया।
- **निवेश पर प्रतिलाभ (YoI)** दिसम्बर’23 में **6.80%** के सापेक्ष दिसम्बर’24 में **32 बीपीएस** की वृद्धि के साथ **7.12%** हो गया।
- **लागत आय अनुपात** दिसंबर 2023 में **46.90%** के सापेक्ष दिसंबर 2024 में **234 बीपीएस** घटकर **44.56%** हो गया।
- **सकल अग्रिम** दिसम्बर 2023 में **₹ 509800** करोड़ के सापेक्ष दिसम्बर 2024 में **10%** वर्ष-दर-वर्ष की वृद्धि के साथ **₹ 559199** करोड़ रहा।
- **रैम (खुदरा, कृषि एवं एमएसएमई) अग्रिम** दिसम्बर 2023 में **₹ 296845** करोड़ के सापेक्ष दिसम्बर 2024 में 13% वर्ष-दर-वर्ष की वृद्धि के साथ ₹ **334739** करोड़ हो गया।
- **सकल घरेलू अग्रिमों में खुदरा, कृषि एवं एमएसएमई (RAM)** का योगदान **64.35%** है। खुदरा, कृषि एवं एमएसएमई में वर्ष-दर-वर्ष क्रमशः **16%, 13.5% एवं 8%** की वृद्धि हुई। दिसम्बर 24 में **आवास ऋण (बंधक सहित)** में **12%** वर्ष-दर-वर्ष वृद्धि हुई।
- **प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र अग्रिम 40%** की विनियामक अपेक्षाओं के सापेक्ष दिसम्बर’ 24 में एएनबीसी के प्रतिशत के रूप में **43.85%(₹ 192761 करोड़)** की वृद्धि हुई।
- **कुल जमा राशि** दिसम्बर 2023 में **₹ 654154** करोड़ के सापेक्ष दिसम्बर 2024 में वर्ष-दर-वर्ष **7%** की वृद्धि के साथ **₹ 702282** करोड़ हो गई। चालू, बचत एवं कासा जमा राशि में वर्ष-दर-वर्ष क्रमशः **5%, 3.5% एवं 4%** की वृद्धि हुई।

- **घरेलू कासा (CASA)** अनुपात 31 दिसम्बर 2024 को **40%** रहा।
- **सीडी अनुपात** यथास्थिति 31 दिसम्बर 2024 को **79.63%** रहा।
- **सकल गैर निष्पादक आस्तियां** दिसम्बर 2023 में **4.47%** के सापेक्ष वर्ष-दर-वर्ष **121 बीपीएस** घटकर दिसम्बर 2024 में **3.26%** हो गईं, दिसम्बर 2023 में **0.53%** के सापेक्ष एनएनपीए **32 बीपीएस** कमी के साथ दिसम्बर 2024 में **0.21%** हो गईं।
- **प्रावधान कवरेज अनुपात (पीसीआर, टीडबल्यूओ सहित)** दिसम्बर 2023 में **95.90%** के सापेक्ष वर्ष-दर-वर्ष **219** बीपीएस वृद्धि के साथ **98.09%** रहा।
- **स्लिपेज अनुपात** दिसम्बर 2023 में **1.28%** के सापेक्ष में दिसम्बर 2024 में **50 बीपीएस** सुधार के साथ **0.78%** तक सीमित रहा।
- **पूंजी पर्याप्तता अनुपात 34 बीपीएस** की वृद्धि के साथ **15.92%** रहा। दिसम्बर 2024 में सीईटी-I **91 बीपीएस** की वृद्धि के साथ **13.27%** एवं टियर I पूंजी **89 बीपीएस** की वृद्धि के साथ **13.77%** रहा।
- **प्रति शेयर आय (ईपीएस)** दिसम्बर 2023 में **₹67.12** के सापेक्ष दिसम्बर 2024 में **26%** बढ़कर **₹ 84.70** हो गई।

## प्रमुख विशेषताएं (सितम्बर 2024 के सापेक्ष दिसम्बर 2024 को समाप्त तिमाही)

- **निवल लाभ** सितम्बर 2024 में **₹ 2707 करोड़** के सापेक्ष दिसम्बर 2024 में तिमाही-दर-तिमाही **5%** बढ़कर **₹ 2852 करोड़** हो गया।
- **आस्तियों पर प्रतिलाभ (ROA)** सितम्बर 2024 में **1.33%** के सापेक्ष दिसम्बर 2024 में तिमाही-दर-तिमाही **6 बीपीएस** बढ़कर **1.39%** रहा।
- **अग्रिमों पर प्रतिलाभ (YoA)** सितम्बर 2024 में **8.77%** के सापेक्ष **15 बीपीएस** से बढ़कर दिसम्बर 2024 में **8.92%** हो गया।
- **निवल ब्याज मार्जिन (घरेलू)** सितंबर 2024 में **3.49%** के सापेक्ष **8 बीपीएस** बढ़कर दिसंबर 2024 में **3.57%** हो गया।
- **सकल गैर निष्पादक आस्तियां** सितम्बर 2024 में **3.48%** के सापेक्ष **22 बीपीएस** की कमी के साथ दिसम्बर 2024 में **3.26%** हो गईं, एनएनपीए सितम्बर 2024 में **0.27%** से घटकर दिसम्बर 2024 में **6 बीपीएस** कमी के साथ **0.21%** हो गईं।
- **स्लिपेज अनुपात** सितम्बर 2024 में **1.06%** के सापेक्ष घटकर दिसम्बर 2024 में **0.78%** हो गया।
- **क्रेडिट लागत** सितम्बर 2024 में **0.65%** के सापेक्ष **18 बीपीएस** घटकर दिसम्बर 2024 में **0.47%** हो गया।

## प्रमुख विशेषताएं ( दिसम्बर 2023 के सापेक्ष दिसम्बर 2024 को समाप्त नौ माह)

- **निवल लाभ** वित्त वर्ष 24 के नौ माह में **₹ 5816 करोड़** के सापेक्ष वित्त वर्ष 25 के नौ माह में **37%** की वार्षिक वृद्धि के साथ **₹ 7962 करोड़** रहा।
- **परिचालन लाभ** वित्त वर्ष 24 के नौ माह में **₹ 12535 करोड़** के सापेक्ष वित्त वर्ष 25 के नौ माह में **11.5%** की वार्षिक वृद्धि के साथ **₹ 13980 करोड़** रहा।

- **निवल ब्याज आय** वित्त वर्ष 25 के नौ माह में वार्षिक आधार पर **9%** वृद्धि के साथ **₹ 17258 करोड़** के सापेक्ष **₹ 18787 करोड़** रहा।
- **निवल ब्याज मार्जिन** वित्त वर्ष 25 के नौ माह में **3.53%** रहा।
- **आस्तियों पर प्रतिलाभ (RoA)** वित्त वर्ष 24 के नौ माह में **1.04%** के सापेक्ष वित्त वर्ष 25 के नौ माह में **27 बीपीएस** वृद्धि के साथ **1.31%** रहा।
- **इक्विटी पर प्रतिलाभ (RoE)** वित्त वर्ष 24 के नौ माह में **19.25%** के सापेक्ष वित्त वर्ष 25 के नौ माह में **137 बीपीएस** वृद्धि के साथ **20.62%** रहा।
- **लागत आय अनुपात** वित्त वर्ष 24 के नौ माह में **45.17%** के सापेक्ष वित्त वर्ष 25 के नौ माह में **50 बीपीएस** की कमी के साथ **44.67%** रहा।

## नेटवर्क

- बैंक की **5877** घरेलू शाखाएं(**3** डीबीयू सहित) हैं जिनमें से **1987** ग्रामीण, **1543** अर्ध-शहरी, **1179** शहरी एवं **1168** महानगरीय शाखाएं हैं। बैंक की **3** विदेशी शाखाएं हैं एवं **1** आईबीयू (गिफ्ट सिटी शाखा) शाखा है।
- बैंक के **5224** एटीएम एवं बीएनए हैं और **13292** बैंक मित्र (बीसी) हैं।

## डिजिटल बैंकिंग

- वित्तीय वर्ष 25 नौ माह में डिजिटल चैनलों के माध्यम से **₹ 1,18,981 करोड़** का कारोबार हुआ।अब तक कुल **117** डिजिटल यात्राएं, उपयोगिताएँ एवं प्रक्रियाएँ शुरू की गई हैं।
- मोबाइल बैंकिंग उपयोगकर्ताओं की संख्या वर्ष दर वर्ष **18%** बढ़कर **1.86 करोड़** हो गई है।
- यूपीआई उपयोगकर्ता एवं नेट बैंकिंग उपयोगकर्ता में क्रमशः **24%** एवं **9%** की वार्षिक वृद्धि देखी गई है, जो क्रमशः **2.04** करोड़ और **1.12** करोड़ तक पहुँच गई हैं।
- क्रेडिट कार्ड उपयोगकर्ता की संख्या वर्ष दर वर्ष **52%** की वृद्धि के साथ **2.83** लाख हो गई है, जबकि पॉइंट ऑफ सेल (पीओएस) टर्मिनलों की कुल संख्या वर्ष दर वर्ष **23%** की वृद्धि के साथ **35** लाख हो गई है।

## पुरस्कार एवं प्रशस्तियां:

- बैंक को इंडियन बैंक की डिजिटल रूपांतरण यात्रा **"प्रोजेक्ट वेव"** और **"एसएमए कलेक्शन प्रोक्लिविटी प्रेडिक्टर"** के लिए प्रतिष्ठित स्कॉच पुरस्कार प्राप्त हुआ। यह मॉडल विशेष उल्लेखित खातों (एसएमए) को डिफ़ॉल्ट होने की संभावना का अनुमान लगाने और लक्षित संग्रहण यात्रा की रूपरेखा तैयार कर जोखिम को कम करने के लिए बनाया गया है।
- बैंक को संगठनात्मक श्रेणी में **"बेस्ट पब्लिक सेक्टर बैंक"** पुरस्कार से सम्मानित किया गया और बैंक के एमडी एवं सीईओ को तमिलनाडु लीडरशिप अवार्ड्स 2024 में **"सीईओ ऑफ द ईयर"** पुरस्कार से सम्मानित किया गया।
- सीएमएस/एससीएफ के वर्टिकल हेड को सिंगापुर में पेमेंट्स ट्रांसफॉर्मर्स सम्मेलन में **"इनोवेटर और डिसरप्टर इन एशिया पैसिफिक"** के रूप में पीटी100 लीडरशिप अवार्ड से सम्मानित किया गया।

- बैंक को इंडियन इन्वेस्टर फेडरेशन के 9वें बैंकिंग लीडरशिप शिखर सम्मेलन 2024 में, **"बेस्ट इन्फ्रास्ट्रक्चर एंड एम्बिएन्स इन यूपी"**, **"बेस्ट मार्केटिंग स्ट्रेटजीज फॉर बिज़नेस इन 2024 इन यूपी"** और **"बैंकर ऑफ द इयर 2024"** के लिए उपविजेता पुरस्कार प्राप्त हुआ।
- बैंक को आईबीए की वार्षिक बैंकिंग प्रौद्योगिकी सम्मेलन, 2024 में - बड़े बैंक सेगमेंट के तहत विशेष रूप से उल्लेखित, **"बेस्ट डिजिटल सेल्स, पेमेंट्स एंड इंगेजमेंट"**, **"बेस्ट टेक टैलेंट एंड ऑर्गेनाइजेशन"**, **"बेस्ट एआई एंड एमएल एडॉप्शन"** और **"बेस्ट एफआई"** के लिए पुरस्कार प्राप्त हुआ।
- बैंक को 5वें वार्षिक बीएफएसआई प्रौद्योगिकी उत्कृष्टता पुरस्कार 2024 के दौरान **"बेस्ट क्लाउड इनिशिएटिव ऑफ द इयर"** – ईटी एज रिकॉगनिशन 2024 और **"बेस्ट टीम प्रोजेक्ट इन क्लाउड इम्पलिमेंटेशन (पीएसबी)"** से सम्मानित किया गया।

## हमारा फोकस

हमारा लक्ष्य दक्ष एवं समर्पित कर्मचारियों तथा ओमनी-चैनल के माध्यम से ग्राहकों की ज़रूरतों को पूरा करने के लिए मूल्यवर्धित, नवोन्मेषी और अनुकूलित समाधान प्रदान करना है। हम ग्राहक सेवा, कासा, एमएसएमई और अविरत डिजिटल रूपांतरण पर बल देते हुए अनुपालनपूर्ण, व्यावसायिक सातत्य और समावेशी संवृद्धि के लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में ध्यान केंद्रित करेंगे।

हमारा लक्ष्य सभी वित्तीय और बैंकिंग आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए ग्राहकों का पसंदीदा बैंक बनना है।